# 24 न्यूज अपडेट
ई-न्यूज
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, गुरूवार 7 मार्च 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 4


# राममंदिर के उद्घाटन में किसान, गरीब और मजदूर था ही नहीं :राहुल गांधी



24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

बांसवाड़ा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में पहुंची। बांसवाड़ा शहर के कॉलेज मैदान में राहुल गांधी ने सभा संबोधित को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कार्यक्रम में थोड़ा लेट होने पर जनसमूह से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि हमने कई बार जातीय जनगणना की बात की है. 90 प्रतिशत हिंदुस्तान की आबादी दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक से है, लेकिन हिंदुस्तान की कई व्यवस्थाओं को देखा जाए तो उसमें इन लोगों की भागीदारी नहीं है. राष्ट्रपति आदिवासी हैं राम मंदिर का उद्घाटन हुआ क्या आपको उनका चेहरा दिखा। क्यों नहीं दिखा क्योंकि वो आदिवासी हैं. राममंदिर के उद्घाटन में किसान, गरीब, मजदूर ही नहीं था। वहां थी तो अडानी, अंबानी और बॉलीवुड की हस्तियां, दो हिंदुस्तान बने हुए हैं एक 5 प्रतिशत वालों का और एक बाकी 95 प्रतिशत वाला का। हिंदुस्तान की 200 बड़ी कंपनियों की लिस्ट निकालो. एक भी किसान,आदिवासी नहीं मिलेगा।

## एक नया कानून लाएंगे जिससे पेपरलीक नहीं होंगे

राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी का है. नरेन्द्र मोदी युवाओं को कहते हैं पकोड़े तलो. हिंदुस्तान के युवाओं के लिए कांग्रेस सबसे पहले 90 प्रतिशत को 30 लाख सरकारी नौकरी देगी. दूसरा हम मनरेगा कार्यक्रम लाएंगे हम रोजगार की गारंटी लाएंगे। एक साल के लिए हर ग्रेजुएट को एक साल की इंटर्नशिप और एक लाख रुपए देने का कानूनी अधिकार देंगे। पेपरलीक के खिलाफ एक नया कानून लाएंगे जिससे पेपरलीक नहीं होंगे। चौथी चीज युवाओं के लिए जो युवा डिलीवरी का काम करते हैं. उनके लिए हम राजस्थान में एक क़ानून लेकर आए थे. वो क़ानून पूरे देश में लाने वाले है. पांचवी गांरटी 5000 करोड़ रुपए स्टार्टअप के लिए एक फंड बनाएंगे और हर जिले पर 10 करोड़ का फंड रहेगा।

## हमारी गारंटी मोदी जैसी नहीं

बांसवाड़ा शहर के कॉलेज मैदान में मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर सारे कानूनों को बचाना है तो कांग्रेस पार्टी को बचाना होगा.चुनाव में जीतने के बाद हम क्या क्या करने वाले हैं. एक गारंटी हम पहले देश के युवाओं को भर्ती की देते है. दूसरी गारंटी हम युवाओं को पक्की नौकरी की देते है. तीसरी गारंटी हम पेपरलीक से मुक्ति की देते है. चौथी गारंटी गरीबों के लिए उनकी आमदनी बढ़ाने का काम करने की देते है. हमारी गारंटी मोदी जैसी नहीं हैं हमारी गारंटी पक्की गारंटी होती है. हम हमेशा अच्छी योजनाएं लाते हैं और भाजपा वाले लोगों की भावनाओं को उकसाते हैं. लोग काम करके जीतते है लेकिन हम काम करने के बाद भी राजस्थान में हारे है. इस हार में हमारी क्या गलती है.

# खींच के रख दूंगा......विवाद में डॉक्टर अटल एपीओ, जयपुर बुलाया

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर। उदयपुर के सीएमएचओ डॉ शंकर बामणिया और डॉ मुकेश अटल के बीच हुए विवाद के 4 दिन बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने डॉ मुकेश अटल को एपीओ कर दिया है। उदयपुर सीएमएचओ डॉ शंकर बामणिया और डॉ मुकेश अटल के बीच हुए विवाद के 4 दिन बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने डॉ मुकेश अटल को एपीओ कर दिया है। विभाग के डायरेक्टर डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने गुरुवार को आदेश जारी किया है। इसमें बताया गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बम्बोरा के डॉ मुकेश अटल द्वारा विभाग की छवि धूमिल की गई है। डायरेक्टर ने एपीओ करते हुए उनको विभाग के जयपुर में मुख्यालय में सेवा देने के निर्देश दिए हैं। वहीं, इस मामले में विभाग की एसीएस शुभ्रा सिंह ने उदयपुर कलेक्टर अरविंद पोसवाल से जांच के निर्देश देते हुए रिपोर्ट मांगी है। हालांकि कलेक्टर की ओर से यह रिपोर्ट फिलहाल एसीएस को नहीं सौंपी गई है। डॉ अटल ने एपीओ किए जाने पर कहा कि सिर्फ एक पक्ष की बात सुनकर मुझ पर कार्रवाई की गई है। यह मेरे साथ न्याय नहीं हुआ है। सीएमएचओ ने दुर्भावनावश पहले भी मुझे एपीओ करवाया था। तब मैं कलेक्टर की एक मीटिंग में था। सीएमएचओ पीछे से सीएचसी के निरीक्षण पर पहुंचे और कमियां बताकर कार्रवाई करवा दी। डॉ अटल का कहना है कि सीएमएचओ ने मेरी और मेरी पत्नी डॉ निधि यादव की बीते 10 माह से सैलेरी रोकी हुई है।

## तनातनी के बाद वायरल हुए थे वीडियो



मामला 5 मार्च का है कि जब सीएमएचओ डॉ शंकर बामणिया कुराबड़ सीएचसी का निरीक्षण करने पहुंचे थे। जहां कुर्सी पर बैठने को लेकर वहां मरीज देख रहे डॉ मुकेश अटल और सीएमएचओ के बीच झगड़ा हो गया था। नौबत हाथापाई तक आ गई थी। सीएमएचओ ने डॉक्टर पर हाथ उठाते हुए कहा था कि खींच के 4 रख दूंगा तेरे। वहीं डॉक्टर ने भी पलटते हुए जबाव दिया कि मैं भी फिर रख दूंगा। इस मामले का वीडियो सामने आने के बाद दोनों ही डॉक्टर्स के रवैये पर लोगों ने सवाल उठाए। जिसके बाद सीएमएचओ ने इसकी शिकायत विभाग के डायरेक्टर कर दी थी। वहीं डॉक्टर अटल ने भी कलेक्टर को शिकायत करते हुए मामले में संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की मांग की थी।

# मोदी बोले- ये नया जम्मू-कश्मीर, इसका दशकों से इंतजार था: आज ये खुलकर सांस ले रहा; विपक्ष ने 370 के नाम पर गुमराह किया

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार (7 मार्च) को जम्मू-कश्मीर दौरे पर पहुंचे। उन्होंने श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत 6400 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। 1000 युवाओं को जॉब लेटर भी दिए। इसके बाद युवा उद्यमियों से उनकी कामयाबी के किस्से और समस्याएं सुनीं। PM मोदी ने बख्शी स्टेडियम की सभा में कहा- ये नया जम्मू-कश्मीर है। इसका दशकों से इंतजार था। यह वो जम्मू-कश्मीर है, जिसके लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया। इसकी आंखों में भविष्य की चमक है। चुनौतियों को पार करने का हौसला है। पीएम मोदी ने कहा- जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का भुक्तभोगी रहा है। यहां J&K बैंक में अपने नाते-रिश्तेदारों और भाई-भतीजों को भरकर इन परिवारवादियों ने बैंक की कमर तोड़ दी थी। हमने बैंक को एक हजार करोड़ की मदद देना तय किया। जो डूबने वाला बैंक था, आज उसका मुनाफा 1700 करोड़ रुपए तक पहुंच रहा है। कांग्रेस और उसके साथियों ने दशकों तक 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर और देश को गुमराह किया। आज जम्मू-कश्मीर में सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं। अकेले 2023 में ही 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक यहां आए।

# मंत्री पुत्र धनंजय की हो सकती है आरसीए में विजय

## जिला संघों की बैठक 9 को

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

जयपुर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की मौजूदा कार्यकारिणी की जनरल बॉडी मीटिंग 9 मार्च को होने जा रही है। इसमें प्रदेश के सभी जिला संघों के सचिव शामिल होंगे। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बनाने के साथ ही सरकार के सामने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के पक्ष रखने पर मंथन किया जाएगा। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी भवानी सामोता ने सभी जिला संघों के सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि 9 मार्च को दोपहर 1 बजे जयपुर के केएल. सैनी स्टेडियम में जनरल बॉडी मीटिंग आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। आप सभी से अनुरोध है कि समय पर पहुंचें। सूत्रों ने अनुसार राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की 9 मार्च को होने वाली बैठक में नागौर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष धनंजय सिंह खींवसर को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव लाया जाएगा। इस पर सर्वसम्मति से सभी जिला संघ के सचिव समर्थन देंगे। इसके बाद इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की देखरेख में करने की मांग की जाएगी।  धनंजय सिंह खींवसर नागौर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं। वह राजस्थान सरकार के हेल्थ मिनिस्टर गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे भी हैं। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार के स्तर पर सहमति बनने के बाद ही धनंजय के नाम को आगे लाया गया है।

## सहकारिता विभाग कर रहा जांच

दूसरी तरफ सहकारिता विभाग राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के बकाया और खेल परिषद के साथ हुए एमओयू को लेकर जांच कर रहा है। सहकारिता विभाग के पास ही खेल संघों के चुनाव करने की प्रक्रिया है। ऐसे में मौजूदा अध्यक्ष नहीं होने के बाद सहकारिता विभाग कमेटी बनाकर सरकार के पास पूरी पावर लेने की तैयारी कर रहा था। इसकी सुनवाई 12 मार्च को होगी। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारी और जिला संघों के सचिव सरकार को पावर नहीं देना चाहते हैं। ऐसे में जल्दी ही कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की तैयारी है। दरअसल, कार्यकारी अध्यक्ष बनने से कार्यकारिणी भंग नहीं होगी। क्योंकि धनंजय सिंह राजस्थान सरकार के हेल्थ



मिनिस्टर के बेटे हैं। ऐसे में सरकार के दखल से सहकारिता विभाग राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी को भंग नहीं करेगा। दरअसल, 22 फरवरी को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन और खेल परिषद के बीच सवाई मानसिंह स्टेडियम को लेकर हुआ डव्न् खत्म हो गया था। इसके बाद 23 फरवरी के दिन खेल परिषद में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन से सवाई मानसिंह स्टेडियम का कब्जा ले लिया। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के दफ्तर को सील कर दिया था। इसके बाद प्रदेश के 33 जिला क्रिकेट संघों ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गहलोत के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी थी। इसकी भनक लगते ही वैभव गहलोत ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। वैभव गहलोत के इस्तीफे के बाद जिला संघों ने एक बार फिर कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की तैयारी शुरू कर दी थी। ताकि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की देखरेख में ही जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले आयोजित हो सके। लेकिन जिला संघों में एक नाम को लेकर सर्वसम्मति नहीं बन पाई। इसके बाद अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने खेल परिषद को जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग के तीन मुकाबला कराने की जिम्मेदारी दी है।



## संपादकीयः भयारण्य

स्वतंत्र लेखक

वन्यजीव संरक्षण को लेकर सरकारें और व इससे मुई महकमे कितने गंभीर है, इसक जंदा उत्तराखंड के जिस करपेट माथ आरक्षित क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई और अच निर्माण से लगाया जा सकता है। इस मामले में सर्वोच्य और को कड़ी फटकार सहै। में वनमंत्री रहते हरक सिंह ने पिड़ियायासे याष लाकर बसाने के नाम पातिर में बड़े पैमाने फेड़ों की कटाई कराई और अनावश्यक निर्माण शुरू करा दिए। उसमें वनमंत्री के तत्कालीन उपयन अधिकारी और दूसरे अफनस भी शामिल थे। अदालत ने उस इलाके में सफली दानी सैर-सपाटे पर रोक लगाते हुए सीमी आह सेन महीने के पहाट यखिल करने को कहा है। वन्यजीव संरक्षण कानून के मुताबिक पन से में किसी भी तरह की अगतिविधि के खिलाफ कड़े दंड के प्रावधान हैं। मगर विचित्र है फिराद के कालीन यनमंत्री ने जिस कार में सारे कानूनी को ताक पर रख दिया। हालाकि जिस कार मामला न. जो नया हैन अकेला। देश में शायद ही ऐसा कोई कर वन्यजीव संरक्षणक्षेत्राविशेष के लिए आरक्षित और पेड़ों की कटाई आदि की शिकायतें न मिलती रही हो। दरअसार, समस्थि को आकर्षित करने के बहुत सारे अभ्यारण्य, न्यानो आरक्षिक्षणोषी पा व्यवसायियों की नाही है। सरकार से नजदीकी गांड कर उन सैर-सपाटे पौह के सरंजाम कुटाने का शते हैं। अनेक जनवारण के सूरत के तर अतिथि गृह भोसरी, मनोरंजन की जनते बना ली गई है। राजस्थान, मध्यप्रदेश उत्तर प्रदेश प आदि के अभकरण्यों में की अनेक पुरानी सिकायों है। उन पर विवाद उतरे रहे हैं में भी हटाने की बुलाती रही, मगर वन अधिकारियो की फुरण से उनके कारोबार पर नहीं। सि कार्केट के याहरी क्षेत्र में भी ठहरने कनोरंजन और खानपान की ऐसी कर्व जनों बनायी गई है। ऐसी विधियों से उन इसमें रोशन और यहनों आदि की आकाशी के न केवल कन्वयों की कि दिनां बाधित होती, बल्कि में हर समय भयभीत रही हैं। उनके खाना अननद की ते बदलती है। इस अभयारण्य उनके लिए करना है। इससे कन्यायीव संरक्षस के लिए सानिक तविधियां लाने और उनमें लोगों को कवारी बढ़ने से वन्वयेकाशात और अवैध कारोवार करने वालों की पैठ भी आसान हो जाती है। निर्माण के नाम कर पेड़ों की कटाई दरअसल, सड़ो कारोबारियों को लाभ पहुंचाने के मकसद से कराई जाती है। इससे यहां का सावास पर बुरा असर पड़ता है। ऐसा नहीं माना जा सकता कि जिस कार्केट में पेड़ों की कराई और निर्माण कराने से पहले इन बातों की जानकारी मंत्री मदन और संबंधित अधिकारियों को नहीं रही होगी। मगर उन स्वार्थ सबसे अनगर आया। इस प्रकरण से दूसरे अभरयों और वन्यसे जुड़े अधिकारी कितना सबक लेग देखने की बात है।

# पेपरलीक के मास्टरमाइंड ढाका और सारण की प्रॉपर्टी पर लगा ईडी का बोर्ड

**24 न्यूज अपडेट.उदयपुर**
desk24newsupdate@gmail.com

जयपुर। सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक मामले में आरोपी सुरेश ढाका और भूपेंद्र सारण की प्रोपर्टी ईडी ने सीज कर दी है। ईडी ने सुरेश ढाका के वैशाली नगर स्थित फ्लैट, बगरू स्थित फैक्ट्री, हीरापुरा पावर हाउस स्थित मकान को गुरुवार को सीज कर लिया। संपत्ति पर भारत सरकार का बोर्ड लगा दिया है। दिल्ली कोर्ट से परमीशन के बाद ईडी ने ये कार्रवाई की है। ईडी से मिली जानकारी के अनुसार सुरेश ढाका की लंबे समय से तलाश है। ईडी सुरेश को पकड़ने के लिए कई बार प्रयास कर चुकी है। लेकिन उस तक नहीं पहुंच सकी। इस दौरान जांच में साबित हो गया था कि सुरेश ढाका ने जो संपत्ति बनाई। वह पेपर लीक कर के बनाई थी। इस पर ईडी ने कार्रवाई की। इसके साथ ईडी ने भूपेंद्र सारण की प्रोपर्टी भी सीज की है। इसमें बगरू में स्थित इलची सारण और इंदुबाला सारण के नाम से संपत्ति सीज की गई है। सुरेश ढाका और भूपेंद्र सारण की संपत्तियों को सीज करने के साथ-साथ उनके सहयोगियों की संपत्ति को भी सीज करने की कार्रवाई की गई है। एक साल पहले सुरेश ढाका और भूपेंद्र सारण से जुड़े 'अधिगम कोचिंग सेंटर' पर बुलडोजर चलाया गया था। आपको बता दें कि राजस्थान में 24 नवंबर 2022 को सीनियर टीचर भर्ती के जीके का पेपर होना था। एग्जाम शुरू होने से पहले ही परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। उदयपुर में 40 स्टूडेंट्स बस में पेपर सॉल्व करते पकड़े गए थे। इसे लेकर अजमेर, उदयपुर, अलवर समेत राज्यभर में छात्रों ने हंगामा और प्रदर्शन किया था। इसके बाद आनन-फानन में सुबह 9 बजे एग्जाम शुरू होने से ठीक पहले पेपर कैंसिल कर दिया गया था। सुरेश ढाका और भूपेंद्र सारण पेपरलीक कांड के मास्टरमाइंड निकलकर आए थे।

### पहले भी जेल जा चुका है सारण

भूपेंद्र सारण साल 2011 में जीएनएम भर्ती पेपर आउट प्रकरण और वर्ष 2022 में पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती पेपर लीक मामले में भी शामिल था। वह जेल भी जा चुका है। एटीएस एसओजी ने सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक मामले में भूपेंद्र सारण को बेंगलुरु एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था।

### कौन है सुरेश ढाका...

सुरेश ढाका सांचौर से 20 किलोमीटर दूर स्थित अचलपुर गांव का रहने वाला है। पहले जेल भी जा चुका है। पहली बार मनी लॉन्ड्रिंग और दूसरी बार पेपर लीक में जेल गया था। जयपुर में गुर्जर की थड़ी पर उमंग क्लासेज के नाम से कोचिंग चलाता था। जिसे जेडीए ने एक्शन लेते हुए गिरा दिया था। अभी फरार है।



# आदिवासी एकता परिषद ने किया विरोध प्रदर्शन

**24 न्यूज अपडेट.उदयपुर**
desk24newsupdate@gmail.com

जयपुर। सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक मामले में आरोपी सुरेश उदयपुर। आदिवासी एकता परिषद की ओर से आज टीएडी आयुक्त कार्यालय पर विरोध प्रदशन किया गया। आदिवासी युवाओं ने कहा हमें जन जाति विकास विभाग नहीं आदिवासी विकास विभाग चाहिए। पुलिस ने ढ़ोल बजा कर प्रर्दशन करने की अनुमति नहीं दी मगर युवाओं ने कहा कि ढ़ोल बजा कर सन्देश हमारी पहचान और संस्कृति का हिस्सा हैं आदिवासी एकता परिषद विद्यार्थी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द कोटड के नेतृत्व में ज्ञापन भी दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द कोटड ने बताया कि महराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश राज्यों की तर्ज पर राजस्थान में भी जन जाति नहीं आदिवासी विकास विभाग होना चाहिए। एक सप्ताह में मांगें नहीं मानी गई तो फिर से प्रदर्शन करेंगे। एक महीने में नहीं मानी गई तो प्रदर्शन अभूतपर्वू किया जाएगा। विवेक अहारी, ओम प्रकाश खराड़ी, संजय मसार, किसन अहारी,भवानी कलसुआ, पियूष मीणा, महेद्र मीणा, अनिल सरोली, नारायण मीणा, राहुल सदकड़ी,शुभाष अहारी आदि मौजूद रहे। ज्ञापन देने वालों में विवेक अहारी, ओम प्रकाश खराड़ी, संजय मसार, किसन अहारी,भवानी कलसुआ, पियूष मीणा, महेद्र मीणा, अनिल सरोली, नारायण मीणा, राहुल सदकड़ी,शुभाष अहारी आदि मौजूद रहे।



# गेंगस्टर ने सुधार गृह से भागे नाबालिगों से करवाई थी व्यापारी की हत्या

## गैंगस्टर रोहित गोदारा ने दिया टास्क, नेपाल बॉर्डर से पकड़े गए

**24 न्यूज अपडेट.उदयपुर**
desk24newsupdate@gmail.com

जयपुर। रोहतक में व्यापारी की हत्या में जयपुर में 12 फरवरी को बाल सुधार गृह से भागे दो नाबालिगों का हाथ है। जयपुर वैस्ट पुलिस से सूचना मिलने पर मुजफ्फरनगर और रोहतक पुलिस ने दोनों को नेपाल बॉर्डर से पकड़ लिया। दोनों को अब जल्द ही जयपुर लेकर आया जाएगा। रोहतक के लाखन माजरा में एक स्क्रैप व्यापारी सचिन मुंजाल की 2 मार्च को हत्या कर दी गई थी। जयपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि इस हत्या में दोनों नाबालिगों का हाथ है। जयपुर पुलिस की जांच में सामने आया कि 12 फरवरी को लॉरेंस का गुर्गा जयपुर के बाल सुधार गृह से 22 नाबालिगों के साथ भाग गया था। इनमें से कुछ को पड़ लिया गया। वहीं, लॉरेंस के गुर्गे ने साथ में भागे दो नाबालिगों की बाहर जाकर गैंगस्टर रोहित गोदारा से फोन पर बात करवाई। गैंगस्टर ने दोनों नाबालिगों को सचिन मुंजाल की हत्या का टास्क दिया था। हत्या के बाद ये दोनों नाबालिग अलग-अलग राज्यों में लगातार फरारी काट रहे थे। डीसीपी वैस्ट अमित कुमार को देर रात इनके बारे में इनपुट मिला। उन्हें पता चला की नाबालिग नेपाल भागने वाले हैं। इस पर अमित कुमार ने इस की जानकारी रोहतक पुलिस को दी। इस पर रोहतक पुलिस ने मुजफ्फरनगर पुलिस के साथ मिलकर दोनों आरोपियों को नेपाल बोर्डर से पकड़ा है। जिन्हे रोहतक पुलिस लेकर जाएगी। इसके बाद जयपुर पुलिस इन दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए ला सकती हैं। दोनों नाबालिग 17 साल के है। सचिन ही हत्या के बाद रोहित गोदारा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया था। इस पर लिखा था कि इस हत्याकांड की जिम्मेदारी लेता हूं। इसके बाद पुलिस हत्यारों के पीछे लग गई थी। डीसीपी वैस्ट अमित कुमार ने बताया- उनके द्वारा रोहतक पुलिस को जानकारी दे दी गई। वहीं, जयपुर से भी एक टीम को रवाना किया गया है। बता दें कि जयपुर की सेठी कॉलोनी स्थित बाल सुधार गृह से 12 फरवरी को भी लॉरेंस के एक गुर्गे समेत 22 नाबालिग सुधार गृह से फरार हो गए थे। सुबह 4 से 5 बजे के बीच बाल अपचारी जाली काटकर भाग निकले थे। इनमें एक लॉरेंस गैंग का गुर्गा भी शामिल था, जिसने जयपुर में जी क्लब पर फायरिंग की थी। उसी ने भागने का पूरा प्लान बनाया था।



## सिंधी होली कप क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारी बैठक



उदयपुर । सिन्धी यूथ द्वारा सिंधी होली कप क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 की तैयारी के लिए बैठक रखी गई। सिंधी यूथ के अमन असनानी ने बताया कि सिंधी होली कप सीजन 2 जिसका टाईटल नेम "फार्म किंग" है,यह टूर्नामेंट 14 मार्च से 17 मार्च 24 तक नाइट क्रिकेट कराया जाएगा, जो कि शिकारबाडी ग्राउंड में होगा, जिसमें 12 टीम हिस्सा लेगी ,जिसमें ई डी यू ग्रोथ, ऐस के एस, रत्नम ज्वेलर्स, एम स्क्वेयर ,परमात्मा ग्रुप ,कुराबड हिल ,के डी एम , मास्टर क्लासेस, विराज विला ,मोहन ट्रेडिंग, जुरानी फैशन, संकल्प रियल एस्टेट की टीम हिस्सा लेगी। इस बैठक में डॉक्टर मोहित वाधवानी ,गुलशन कटारिया ,यश वाधवानी, नितिन नेभनानी,निखिल कोटाई, शैलेश कटारिया,भारत छाबड़ा, अमन असनानी, आशीष सिधवानी आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चर्चा की।

## अब 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगी होम वोटिंग सुविधा

उदयपुर, 7 मार्च। वरिष्ठ नागरिकों की लोकतंत्र के उत्सव में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शुरू किया गया होम वोटिंग का नवाचार लोकसभा आम चुनाव-2024 में भी लागू रहेगा, लेकिन इस बार 80 वर्ष के स्थान पर 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को ही होम वोटिंग सुविधा मिल पाएगी। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से हाल ही जारी अधिसूचना में इसका प्रावधान किया गया है। इसमें 80 वर्ष से अधिक स्थान पर 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को घर बैठे वोटिंग की सुविधा प्रदान किए जाने के प्रावधान किए गए हैं।

# शातिर बाइक चोर पकड़ा, 7 मोटरसाइकिलें बरामद

## पुलिस थाना खेरवाडा ने की कार्रवाई

**24 न्यूज अपडेट.उदयपुर**
desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर। जिला पुलिस अधीक्षकयोगेश गोयल के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाडा अंजना सुखवाल एंव वृत्ताधिकारी वृत्त ऋषभदेव हेरम्ब जोशी के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी खेरवाडा दिलीप सिंह झाला के नेत्तृव में गठित टीम ने बंजारिया से बाईक चोरी कके मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुये चोरी का खुलासा किया। टीम ने एक शातिर आरोपी को गिरफतार कर, अभियुक्त के कब्जे




से चुराई गयी कुल 7 मोटर साईकिल बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार 3 मार्च को जितेन्द्र पुत्र राधेश्याम योगी ने रिपोर्ट दी कि उनकी मोटर साइकिल चोरी हो गई। कोई अज्ञात बदमाश चुराकर ले गया। इस मामले में थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला की ओर से एक विशेष टीम का गठन किया गया। सम्पत्ति संबंधी अपराधो के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज, आसूचना के आधार पर कल आरोपी आशीष को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। आरोपी के पास से मिर्ची पाउडर एवं मोटरसाईकिल की चाबियों मिली। पूछताछ में उक्त अभियुक्त, शातिर बाईक चोर निकला और रात्रि में पूर्व में रेकी की हुई बाईक अपने साथी मनीष के साथ चुराना बताया। मास्टर की से बाईक चोर का चुराना एवं जाग होने पर मिर्ची डालकर भाग जाना सामने आया। चोर के मकान की तलाशी पर 2 प्लसर बाईक, 1 होण्डा साईन, 4 स्पलेण्डर बाईक सहित कुल 7 बाईक बरामद की गईं।

GSTIN : 08AADCD8913B1ZW
CIN : U74920RJ2011PTC034643
DYNAMIC GROUP ESTB : 1993
DYNAMIC TEAM SECURITY SERVICES PRIVATE LIMITED
78-79, Janakpuri, Opp. NB Nagar, Airport Road Bedwas, Udaipur-313024 (Raj.)

# किराणा दुकान की आड़ में पिला रहे थे महुआ शराब

## अवैध देसी शराब बेचने के 3 आरोपी गिरफ्तारः



24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

डूंगरपुर। धंबोला थाना पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से अवैध महुआ वाश को नष्ट किया है। किराणा दुकान की आड़ में भी शराब बेची जा रही थी। धंबोला थानाधिकारी तेजसिंह ने बताया कि लोकसभा चुनावों को लेकर अवैध देसी महुआ शराब बनाने वाले और बेचने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। इसके लिए हेड कॉन्स्टेबल तुलसीराम, विनोद, डायालाल, जयेश, करण की टीम ने बोडामली फला कन्हाला में तकु पुत्र भगू डिंडोर के किराणा दुकान पर दबिश दी। दुकान पर किराना सामान की आड़ में अवैध देसी महुआ शराब बेची जा रही थी। दुकान की तलाशी में एक केन से 13 लीटर महुआ शराब को जब्त किया है। दुकान के पीछे ही बाड़े में भट्टियां बनाकर देशी महुआ शराब तैयार की जा रही थी। पुलिस ने भट्टियां तोड़ दी और मटकों में भरी 200 लीटर महुआ वाश को नष्ट कर दिया। आरोपी तकू डेंडोर को गिरफ्तार कर लिया है।इसी तरह बोडामली फला नयाघरा में थावरा डेंडोर के घर कार्रवाई की गई। घर के आंगन में देसी महुआ शराब बनाने की भट्टियां चल रही थी। वहीं, तैयार महुआ शराब बेच रहा था। पुलिस ने ड्रम और मटकों में भरी महुआ वाश को नष्ट कर दिया। वहीं, 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी थावरा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, बोडामली से भंडारा रास्ते पर कमला पुत्र नाना डेंडोर के पास से अवैध देसी महुआ शराब बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# लापरवाही बरतने पर दो कर्मचारियों को नोटिस

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

राजसमंद में मतदान एवं मतगणना दल प्रकोष्ठ तथा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने चुनाव में लापरवाही को लेकर देवेंद्र सिंह चौहान वरिष्ठ सहायक पीडबल्यूडी खण्ड आमेट व नरेन्द्र सिंह चौहान, वरिष्ठ अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल टोकरा को कारण बताओ नोटिस दिया है।

नोटिस में लोकसभा चुनाव 2024 में दोनों को 5 मार्च को सुबह 9 बजे से प्रथम पारी व द्वितीय पारी में पीठासीन अधिकारी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त करना था किन्तु दोनों अनुपस्थित रहे है। नोटिस अनुसार तीन दिनों में ये कार्मिक व्यक्तिगत उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करेंगे अन्यथा इनके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

राजसमंद में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग की ओर से तैयारियों भी शुरू कर दी गई है। इस दौरान चुनाव से संबधित गठित किए प्रकोष्ठ के प्रभारियों सहित कार्मिकों को प्रशिक्षण का कार्य भी जारी है इस दौरान अधिकारियों व कार्मिकों के निर्देशित किया गया है कि वो चुनाव के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही करें बावजूद इसके लापरवाही होने पर कार्रवाई की गई।

# सोने ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, 10 ग्राम का भाव 66 हजार 800

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

जयपुर। सोने और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी होना शुरू हो गया है। इसके बाद भारत में सोना अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। गुरुवार को जयपुर के सराफा बाजार में स्टैंडर्ड सोने की कीमत बढ़ाकर 66 हजार 800 रुपए पर पहुंच गई है। इसी तरह चांदी प्रति किलो की कीमत बढ़ाकर 74 हजार 350 पर आ गई है। जयपुर सर्राफा कमेटी की और से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 66 हजार 800 रुपए पर आ गई है। जबकि 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत सोने की कीमत 62 हजार 700 रुपए पहुंच गई है। जबकि सोना 18 कैरेट 52 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 41 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत बढ़कर 74 हजार 350 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के राकेश खंडेलवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार के साथ ही भारत में भी सावे चल रहे हैं। इसकी वजह से बाजार में सोने और चांदी की काफी डिमांड है। यही कारण है कि सोने और चांदी की कीमत दिनों दिन बढ़ रही है। जिस पर फिलहाल अंकुश लगने की कम संभावना है।

# मेहरम श्रेणी में हजयात्रा के लिए आवेदन 15 तक



24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

जयपुर। सेंट्रल हज कमेटी ने मेहरम श्रेणी में हजयात्रा पर जाने की इच्छुक महिलाओं से आवेदन मांगे हैं। इसके लिए देशभर में 500 सीटों का आवंटन हुआ है। हजयात्रा पर जाने की इच्छुक महिलाएं 15 मार्च तक सेंट्रल हज कमेटी की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। इनका चयन लॉटरी से होगा।

# नौसेना ने हूती अटैक का शिकार हुए जहाज को बचाया-:अदन की खाड़ी में हुआ मिसाइल अटैक; 3 क्रू मेंबर्स की मौत, 21 रेस्क्यू



24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

नयी दिल्ली| भारतीय नौसेना ने एक बार फिर से अदन की खाड़ी में एक कॉमर्शियल जहाज को रेस्क्यू किया है। नेवी के मुताबिक बारबाडोस के फ्लैग वाले लाइबेरिया के जहाज पर हूती विद्रोहियों ने मिसाइल से हमला किया था। इसके बाद जहाज में आग लग गई। इस दौरान 3 क्रू मेंबर्स की मौत हो गई और 6 लोग घायल हुए। भारतीय नौसेना ने इस जहाज पर मौजूद 21 लोगों को बचा लिया है। इनमें से एक भारतीय है। अमेरिकी मीडिया CNN के मुताबिक, 'ट्रू कॉन्फिडेंस' नाम के जहाज पर 6 मार्च को हमला हुआ था। ये हूती विद्रोहियों का पहला ऐसा हमला है जिसमें लोगों की जान गई है। तस्वीर इटली के रेवेना पोर्ट पर खड़े 'ट्रू कॉन्फिडेंस' नाम के जहाज की है। इसके 3 क्रू मेंबर हूतियों के हमले में मारे गए हैं। तस्वीर इटली के रेवेना पोर्ट पर खड़े 'ट्रू कॉन्फिडेंस' नाम के जहाज की है। इसके 3 क्रू मेंबर हूतियों के हमले में मारे गए हैं। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने इस रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी दी। उन्होंने कहा- जहाज पर हुए हमले की जानकारी मिलने के बाद INS कोलकाता को रवाना किया गया था। इस पर मौजूद हेलिकॉप्टर और बोट की मदद से लोगों को बचाया गया। घायलों का इलाज मेडिकल टीम कर रही है। भारतीय नौसेना 'ट्रू कॉन्फिडेंस' जहाज के क्रू मेंबर्स को रेस्क्यू करने के बाद INS कोलकाता पर ले आई।

### लाल सागर में हूतियों के हमले के बाद जहाज डूबा

2 मार्च को लाल सागर में लगातार हो रहे हूतियों के हमलों के बीच पहली बार कोई जहाज डूब गया था। न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक, हूती विद्रोहियों ने 18 फरवरी को बाब-अल मंडब स्ट्रेट में रूबीमार नाम के जहाज पर मिसाइल से अटैक किया था। इसके बाद जहाज के क्रू मेंबर्स को ब्रिटिश मिलिट्री ने रेस्क्यू किया। मीडिया हाउस इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक रूबीमार एक ब्रिटिश जहाज था। इस पर बेलीज का फ्लैग लगा हुआ था। हूतियों ने जब इस पर हमला किया तब यह यमन के मोखा पोर्ट से करीब 27.78 किमी की दूरी पर था। पिछले 12 दिनों से यह उत्तर की तरफ बढ़ रहा था, लेकिन लाल सागर में तूफान और खराब मौसम की वजह से जहाज डूब गया।

# गुजरात से भेजे कोयले में रास्ते में मिला दी मिट्टी, जांच की भनक लगते ही ट्रक चालक फरार

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

चित्तौड़गढ़। कांडला बंदरगाह, गुजरात से एक ट्रक में कोयला भरवा कर शंभूपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में डिलीवरी देना था। लेकिन कोयले में मिट्टी की मात्रा ज्यादा थी। कंपनी ने ट्रक ड्राइवर पर मिलावट कर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। इसकी रिपोर्ट शंभूपुरा थाने में भी दी गई। कांडला बंदरगाह, गुजरात से एक ट्रक में कोयला भरवा कर शंभूपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में डिलीवरी देना था लेकिन कोयले में मिट्टी की मात्रा ज्यादा थी। कंपनी ने ट्रक ड्राइवर पर मिलावट कर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। इसकी एक रिपोर्ट शंभूपुरा थाने में भी दी गई। कोयले में मिलावट कर उसे सावा अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री लाया गया। ड्राइवर ट्रक को फैक्ट्री के अंदर छोड़ने के बाद भाग निकला। जब देखा गया तो पता चला कि ट्रक में भरे हुए कोयले में मिट्टी की मात्रा ज्यादा थी। अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी की ओर से एक इन्वेस्टिगेटर नियुक्त किया हुआ है। डेढ़ महीना जांच करने पर जब गलती ड्राइवर की पता चली और ड्राइवर के फरार होने पर थाने में मामला दर्ज किया गया। मामला शंभूपुरा थाना क्षेत्र का है।

### 23 को कोयला भरवाकर भेजा गया था

ट्रांसपोर्टर मुकेश कुमार नाथू बा ने 23 जनवरी को ट्रक भेज कर कांडला बंदरगाह, गुजरात से कोयला भरवाया था। इस कोयले की सप्लाई सावा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में किया जाना था। 25 जनवरी को अल्ट्राटेक सीमेंट में यह कोयला डिलीवरी दी जानी थी। गाड़ी 25 जनवरी को ही सावा पहुंची। 26 जनवरी को गाड़ी को फैक्ट्री के अंदर ले जाया गया और खाली कर कोयले की जांच की गई।

### जांच में ड्राइवर का धोखाधड़ी करना सामने आया

जांच में कोयले की गुणवत्ता सही नहीं पाई गई। कोयले में मिट्टी की मात्रा ज्यादा थी। कंपनी ने तुरंत अपने नियुक्त किए हुए इन्वेस्टिगेटर रायसेन, मध्य प्रदेश हाल सावा निवासी रौनक पुत्र राजेश जोशी से संपर्क किया। एएसआई कैलाश सिंह ने बताया कि कंपनी अपना खुद का इन्वेस्टिगेटर रखती है। डेढ़ महीना इन्वेस्टिगेटर ने मामले की जांच की। इन्वेस्टिगेटर रौनक ने जब पूरे मामले की जांच की तो पाया कि ड्राइवर अजमेर निवासी नारायण सिंह पुत्र मिट्ठू सिंह ने बीच रास्ते कहीं पर घोटाला किया। धोखाधड़ी से कोयला रिप्लेस किया गया। जब उससे संपर्क किया गया तो ड्राइवर का फोन भी बंद मिला और वह फरार भी था। ड्राइवर डिलीवरी के दिन भी फैक्ट्री के अंदर ट्रक को छोड़कर मौके से तुरंत ही चला गया था। ड्राइवर पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए शंभूपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया गया। बताया जा रहा है कि कोयले की कीमत 4 लाख 80 हजार 88 रुपए है।

# भाजपा ने राजस्थान में बदले 8 जिलाध्यक्ष

## लोकसभा चुनाव की जातिगत गणित में संतुलन साधने की कवायाद

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

जयपुर। क्षेत्रीय व जातिगत समीकरणों को ध्यान में रखकर लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा ने अपने घर में ही नई बिसात बिछाना शुरू का दिया है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने आज 8 जिलों के जिलाध्यक्षों की बदली कर दी। महामंत्री दामोदर अग्रवाल ने झुंझुनूं, सीकर, टोंक, डूंगरपुर, कोटा शहर, कोटा देहात, बूंदी और बारां के जिलाध्यक्षों को बदल दिया है। नए जिलाध्यक्षों में पूर्व विधायक औऱ विधानसभा प्रत्याशी को भी मौका दिया गया है। इसमें भी जातिगत समीकरण साधने की कोशिश दिखाई दे रही है। खासतौर पर मूल ओबीसी को इन नियुक्तियों में प्राथमिकता दी गई है। डूंगरपुर में प्रभु पंड्या को हटाकर हरीश पाटीदार को जिलाध्यक्ष बनाया गया हैं। पाटीदार पहले भी जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। झुंझुनूं में बनवारीलाल सैनी को जिलाध्यक्ष बनाया है। सीकर में पवन मोदी को हटाकर कमल सिकवाल को जिम्मेदारी दी गई हैं। इसी तरह से टोंक में पूर्व विधायक अजीत मेहता को जिलाध्यक्ष बनाया गया हैं अजीत महेता ने पिछला विधानसभा चुनाव सचिन पायलट के सामने लड़ा था। वे 2013 में टोंक सीट से विधायक भी रह चुके हैं। अब उन्हें टोंक जिले के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी पार्टी ने सौंपी हैं। कोटा और बूंदी में सांसद ओम बिडला गुट के जिलाध्यक्ष लगाए गए है। व्यापार प्रकोष्ठ में काम कर रहे राकेश जैन को कोटा शहर का जिलाध्यक्ष बनाया गया हैं। पीपल्दा विधानसभा सीट से प्रत्याशी रहे प्रेम गोचर को कोटा देहात की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। इसी तरह से बूंदी में सुरेश अग्रवाल औऱ बारां में नंदलाल सुमन को जिलाध्यक्ष बनाया गया हैं। इन 8 जिलाध्यक्षों में 3 ओबीसी (2 मूल ओबीसी), 2 वैश्य, 1 एमबीसी (गुर्जर), 1 ब्राह्मण और 1 जैन को जगह दी गई हैं। डूंगरपुर में जहां रिर्जव कैटिगिरी के बाद ओबीसी दूसरे नम्बर का बड़ा वोट बैंक है। वहां ओबीसी वर्ग से हरीश पाटीदार को जिलाध्यक्ष बनाया गया हैं। वहीं झुंझुनूं और बारां जिले में मूल ओबीसी (माली समाज) से जिला अध्यक्ष बनाए गए हैं। इसी तरह से वैश्य समाज से टोंक में अजीत मेहता और बूंदी में सुरेश अग्रवाल को जिलाध्यक्ष बनाया गया हैं। सीकर में ब्राह्मण कोटे से कमल सिकवाल, कोटा शहर में जैन समाज से राकेश जैन और कोटा देहात में गुर्जर समाज से प्रेम गोचर को जिलाध्यक्ष बनाया गया हैं।



हरीश पाटीदार, डूंगरपुर

# तकनीकी खराबी का फायदा उठाकर यूको बैंक से 850 करोड़ रुपए निकाले


## सीबीआई ने 5 जिलों में छापे मारे।

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

जोधपुर। यूको बैंक के ट्रांजैक्शन सिस्टम में आई तकनीकी खामी का फायदा उठाते हुए ई-मित्र संचालकों और बैंककर्मियों ने 850 करोड़ रुपए निकाल लिए गए थे। मामले का पता चलते ही बैंक प्रबंधक की ओर से मामला दर्ज कराया गया था। मामले को लेकर बुधवार रात सीबीआई ने 5 जिलों में छापे मारे। टीमों ने कई डॉक्युमेंट और मोबाइल जब्त किए। 10-13 नवंबर 2023 के बीच यूको बैंक के सिस्टम में तकनीकी खामी आई थी। इसका फायदा उठाकर कुछ खातों में बहुत ज्यादा ट्रांजैक्शन किए गए थे। प्डचै् से ये लेन-देन आईडीएफसी और अन्य बैंकों से थे। दूसरे बैंकों से लेन-देन किए गए तो यूको बैंक की तकनीकी खामी की वजह से उन बैंकों में रीजैक्शन के मैसेज आने लग गए थे। खातों से राशि बगैर डेबिट हुए यूको बैंक खाताधारकों को जमा हो गई थी। यह बात आग की तरह फैल गई थी। इसके बाद सैकड़ों लोगों ने लेन-देन कर दिए थे। जोधपुर, लोहावट, फलोदी, अजमेर, नागौर और बाड़मेर में लोगों ने खातों से राशि दूसरे खातों में जमा करनी शुरू कर दी थी। यूको बैंक ने 14 नवंबर को एसओजी जयपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। बैंक में हुई यह




गड़बड़ी करोड़ों रुपए और सैकड़ों खाताधारकों की होने से इस मामले को सीबीआई को सौंप दिया गया था। इसी के चलते बुधवार को कार्रवाई की गई। पहले बैंक ने 1.53 करोड़ रुपए की गड़बड़ी होने का आरोप लगाया था। एनएससी और बीएससी को सूचना दी थी कि बैंक में तकनीकी खामी की वजह से गड़बड़ी हुई थी। 16 नवंबर को बीएसई और एनएससी को लिखे पत्र में बैंक ने खाते ब्लॉक कर 820 करोड़ में से 649 करोड़ रुपए रिकवर किए थे। बैंक से करोड़ों रुपए की सबसे ज्यादा गड़बड़ी ग्रामीण क्षेत्रों में सामने आई थी। ई-मित्रों से लोगों ने रातों-रात खाते खुलवाए और फिर लाखों रुपए का लेन-देन कर ऑनलाइन दूसरे खातों में जमा करवाई थी। पहले जयपुर की साइबर थाना पुलिस और अब सीबीआई ने ऐसे खाता धारकों को चिह्नित किया और अब इनके ठिकानों पर दबिश देकर दस्तावेज जब्त किए।



Hotel Candle Wood
MANAGED BY
A+HOSPITALITY
Jitendra Talreja
Managing Director - 94141 64407
92516 97370, 0294-3500995
reservations@hotelcandlewood.com
www.hotelcandlewood.com
1146, Hiran Magri, Sec.4, Udaipur, Rajasthan

# महाशिवरात्रि कल : चारों प्रहर होगी विशेष पूजा, लगेंगे बम-बम के जयकारे

## - शुरू हुए अनुष्ठान, भक्त भी भोले बाबा के दर्शनों को बेकरार - एकलिंगजी में चारों पहर होंगे 52 रुद्राभिषेक

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर। महाशिवरात्रि पर भोले बाबा के दर्शनों के लिए भक्त आतुर हैं। भक्तों के स्वागत में शिवालयों में अनुष्ठान आज से ही आरंभ हो गए। सभी शिवालय आकर्षक रोशनी से नहा उठे हैं और भक्तों के दर्शन व महाप्रसाद की विशेष व्यवस्थाएं की गईं हैं। उदयपुर में परम्परानुसार कैलाशपुरी स्थित मंदिर मेवाड के आराध्य देव एकलिंगजी के दर्शनों के लिए भक्तजनों का रेला उमड़ेगा। पूरे रास्ते जयकारों की गूंज रहेगी और माहौल भक्तिमय होगा। यहां पर महाशिवरात्रि का महोत्सव शुक्रवार रात्रि 10 बजे से मनाना जाएगा। श्री एकलिंगजी ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि महाशिवरात्रि को विशेष पूजा रात को 10 बजे से आरम्भ होगी जो चार प्रहर तक निरन्तर जारी रहेगी। दूसरे दिन शनिवार को सुबह 11.30 बजे से 12 बजे के बीच विशेष पूजा का समापन होगा। चारों प्रहर की पूजा में विशेष श्रृंगार एकलिंगजी का होगा। 460 किलो की पंचामृत सामग्री हर प्रहर में चढाई जाएगी। 52 रूद्राभिषेक भी होंगे। इधर, महाशिवरात्रि की सेवा में चारों प्रहर पैलेस के बैण्ड निरन्तर धार्मिक सुर लहरियां बिखेरते चलेंगे। महाशिवरात्रि पर चारों प्रहर की पूजा में दर्शन शुक्रवार रात्रि 10 से दूसरे दिन शनिवार दोपहर तक निरन्तर खुले रहेंगे। दर्शनार्थी शनिवार सुबह 11.30 बजे तक महाशिवरात्रि के दर्शनलाभ ले सकेंगे, इसके चाद नियमित त्रिकाल पूजा आरम्भ होगी जिसके चलते सामान्य दर्शन शनिवार रात्रि 8 बजे तक लगातार खुले रहेंगे।

### अमरखजी में लेंगे विशेष मनोरथ

अम्बेरी में अमरखजी महादेव मंदिर में शिव रात्रि पर चारों प्रहर पूजन व अभिषेक का आयोजन यिका जाएगा। इस अवसर पर पंच मुखी विग्रह की झांकी सजाई जाएगी। आकर्षित रोशनी के साथ ही आगंतुक भक्तों व दर्शनार्थियों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था रहेगी। केदारेश्वर महादेव में केशवयम सेवा संस्थान की ओर से शिवरात्रि पर विशाल भंडारा आयोजित होगा। अध्यक्ष महेश बम्ब ने चताया कि इस दौरान आयोजित चिकित्सा शिविर डॉ. प्रकाश चंद्र सहलोत, निर्मला सहलोत सेवाएं देंगे।

### गुप्तेश्वर में



### उमड़ेंगे भक्तजन

उदयपुर के अमरनाथ गुप्तेश्वर महादेव मन्दिर में महाशिवरात्रि पर विशेष मनोरथ होंगे। महंत तन्मय वन महाराज के अनुसार गुरुवार से मन्दिर में दर्शन चालू हो गए जो सिलसलि शनिवार रात को 9:15 बजे पट मंगल होने तक भक्तों की सुविधा के लिए जारी रहेगा। इससे पूर्व 4 बजे रूद्राभिषेक के बाद शिवरात्रि की पहली आरती सुबह 7:15 बजे की जाएगी। शाम को 6:15 बजे आराती के बाद रात्रि चतुर्थ प्रहर की विशेष पूजा शुरू होगी। शिव भोले सेवा समिति की ओर से राजेन्द्र जैन ने बताया कि महाशिवरात्रि पर अशोक नगर मेनरोड स्थित हनुमान शिव मन्दिर में मनाई जाएगी। दक्षिण विस्तार हाऊसिंग बोर्ड सी बलॉक स्थित दक्षिणेश्वर महादेव मन्दिर में महाशिवरात्रि पर तीन दिवसीय कार्यक्रम शुरू हुए। गुरुवार को मेहंदी की रस्म आयोजित की गई। शिवरात्रि पर सुबह विशेष पूजा अर्चना होगी।

### 12 ज्योतिर्लिंग की शोभायात्रा निकली

शिव दल की ओर से गुरुवार को शहर में 12 ज्योतिर्लिंगों की शोभायात्रा निकाली गई। शिव दल प्रमुख मनीय मेहता ने बताया कि प्रातः साढ़े 11 बाजे टाउन हॉल से शुरू होकर फतहसागर मार्ग स्थित बीलकंठ महादेव मंदिर पहुंची व धर्मसमा हुई। शोभायात्रा के प्रमुख आकर्षण उटगाड़ियों पर डाले बजे 12 ज्योर्तिलिंग थे। भक्त नीलकंठ महादेव की पालकी लेकर चलेंगे। इसके अलावा 351 फिट का तिरंगा भी आकर्षण का केंद्र रहे।

### उदयपुर-नाथद्वारा हाईवे पर 9 मार्च तक रहेगा वन वे

महाशिवरात्रि पर्व 8 मार्च को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मेवाड़ के आराध्य एकलिंगजी के दर्शन के लिए शहर समेत आसपास के क्षेत्रों से हजारों शिव भक्त पैदल और वाहनों से कैलाशपुरी पहुंचेंगे। पर्व के एक दिन पहले गुरुवार शाम से बड़ी संख्या में लोग पैदल यात्रा कर एकलिंगजी मंदिर पहुंचेंगे। 7 से 9 मार्च तक कैलाशपुर में मेला भी लगेगा। जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने ट्रेफिक और पार्किंग व्यवस्थान का प्लान जारी किया है। डीएसपी वीरेन्द्र शर्मा ने बताया कि 7 मार्च को अपराह्न 4 बजे से 9 मार्च दोपहर 12 बजे तक शहर के भुवाणा बाइपास, मूणवास और झालों का गुड़ा तक उदयपुर-नाथद्वारा हाईवे वन-वे रहेगा। आने-जाने वाहन एक लेन में ही चल पाएंगे। दूसरी लेन पैदल यात्रियों के लिए रहेगी। उदयपुर शहर से जाने और नाथद्वारा से आने वाले सभी तरह के वाहन नाथद्वारा से उदयपुर शहर आने वाले रोड पर आ जा सकेंगे। जबकि श्रीराम भोजनालय से बाघेला तालाब, कैलाशपुरी से गणेश होटल तक नो व्हीकल जोन रहेगा। कैलाशपुरी जाने वाले दर्शनार्थियों के चार पहिया व तीन पहिया वाहन मूणवास गांव से पहले सिरोया सीमेंट फैक्ट्री के पास खाली पड़ी जमीन और सड़क किनारे पार्क होंगे।

# राजस्थान में दांतों के डाक्टर की होगी भर्ती

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर। राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंसेज (आरयूएचएस) ने अपने यहां मेडिकल ऑफिसर (डेंटिस्ट) के लिए भर्ती निकाली है। एग्जाम के बाद सीधे मैरिट के जरिए होने वाली इस भर्ती के लिए 27 मार्च से ऑनलाइन आवेदन भरे जाएंगे। इसकी आखिरी तारीख 26 अप्रैल होगी। आरयूएचएस की ओर से जारी भर्ती के नोटिफिकेशन के मुताबिक इस भर्ती के लिए वही अभ्यर्थी पात्र होगा, जिसका राजस्थान डेंटल कौंसिल में रजिस्ट्रेशन होगा। इस भर्ती में 172 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें अभ्यर्थी के लिए पीजी होना अनिवार्य है। इससे पहले आरयूएचएस ने कोविड के समय साल 2022 में 1765 मेडिकल ऑफिसर के पदों पर भर्ती की थी। परिणाम पिछले साल जनवरी 2023 में जारी किया था।

# 1400 किलोमीटर का सफर तय कर जयपुर पहुंची बाघिन 'भक्ति'



## व्यवहार ठीक रहा तो टाइगर शिवाजी संग बनेगी जोड़ी

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

जयपुर। राजस्थान के वन्य जीव प्रेमियों का लंबा इंतजार खत्म हो गया है। पुणे के राजीव गांधी जूलॉजिकल पार्क से मंगलवार सुबह रवाना हुई बाघिन भक्ति 45 घंटे का सफर कर आज सुबह जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क पहुंच गई है। जहां वन विभाग के अधिकारियों की देखरेख में बाघिन भक्ति को फिलहाल 21 दिनों तक क्वारंटाइन रखा जाएगा। इसके बाद बायोलॉजिकल पार्क में ही मौजूद टाइगर शिवाजी के साथ टाइग्रेस भक्ति का जोड़ा बनाने की कोशिश की जाएगी। इसके बाद दोनों को भविष्य में शुरू होने वाली टाइगर सफारी में छोड़ा जाएगा। जू एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क द्वारा दो फीमेल, एक मेल वुल्फ के साथ ही एक फीमेल हायना पुणे के राजीव गांधी जूलॉजिकल पार्क को दिए गए हैं। आज जयपुर आने के बाद भी टाइग्रेस भक्ति की मेडिकल जांच की गई है। इसके बाद उसे 21 दिनों के लिए कराल में शिफ्ट कर क्वारंटाइन रखा गया है। 21 दिनों बाद जब भक्ति स्वस्थ होगी, उसका व्यवहार ठीक होगा। तो उसे डिस्प्ले में भी रखा जाएगा। इसके साथ ही उसका बायोलॉजिकल पार्क में मौजूद टाइगर शिवाजी के साथ जोड़ा बनाने की भी कोशिश की जाएगी। अगर सब कुछ ठीक रहा तो भविष्य में शुरू होने वाली टाइगर सफारी में दोनों को छोड़ा जाएगा।

# राजपूत करणी सेना ने किया प्रदर्शन, गोगामेड़ी हत्याकांड की जांच में ढिलाई पर जताया आक्रोश

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर। श्री राजपूत करणी सेना मेवाड़ की ओर से सुखदेवसिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर एनआईएस की जांच धीमी गति से चलने व मांगों को अब तक पूरा नहीं करने पर आक्रोष जताया। जिलाध्यक्ष जीवनसिंह ने कहा कि एनआईए ने अभी तक षडयंत्रकारियों के खिलाफ रेड कॉर्नर तक जारी नहीं किया है। एनआईए ने अनैतिक आरोप भी लगाए हैं जिनका विरोध किया गया। पीडितो ंको सरकारी नौकरी की मांग की गई व तत्कालीन एसपी योगेश गोयल को सस्पेंड करने की भी मांग की गई। इस अवसर पर कई पदाधिकारी मौजूद थे। दादा के हत्यारों को, गोली मारो सालों को। दादा को न्याय दो, होंश में आओ के नारों के बीच संगठन के लोगों ने कहा कि तीन महीने बाद भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के परिवार को न्याय नहीं मिला है। मुख्यमंत्री ने भी कार्रवाई का आश्वासन दिया था मगर अब तक कुछ भी ठोस नहीं हुआ है। एनआईए जांच में ढिलाई बरती जा रही है। पदाधिकारियों ने प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप लगाया। समय रहते मांगों को पूरा नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा। आपको बता दें कि गोगामेड़ी की पत्नी इन दिनों पदयात्रा पर हैं तथा उन्होंने हनुमानगढ से जयपुर पहुंच कर जौहर की चेतावनी दी है।



# राजस्थान बोर्ड के 10वीं के एग्जाम शुरू, पहले दिन दिखा उत्साह

## आसान रहा अंग्रेजी का पेपर

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की माध्यमिक स्तर की परीक्षा आज से शुरू हो गई है। सेकेंडरी परीक्षा में 10 लाख 62 हजार 341 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए हैं। पहले दिन अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। सभी स्टूडेंट्स को चेकिंग के बाद परीक्षा सेंटर पर एंट्री दी गई। परीक्षा 30 मार्च तक होंगी। बता दें कि 12वीं के एग्जाम की शुरूआत 29 फरवरी से हो चुकी थी। पहले दिन का अंग्रेजी का पेपर आसान रहा व बच्चों ने इसे औसत दर्जे का पेपर बताया। बोर्ड सचिव



कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि परीक्षाएं सुबह 8.30 से दोपहर 11.45 बजे तक होगी। एग्जाम के लिए राज्य में 6,144 सेंटर बनाए गए हैं। 10वीं और 12वीं की परीक्षा में कुल 19 लाख 39 हजार 645 परीक्षार्थी पंजीकृत है।। इनमें सीनियर सेकेंडरी के 8 लाख 66 हजार 270, सेकेंडरी के 10 लाख 62 हजार 341, वरिष्ठ उपाध्याय के 3671 एवं प्रवेशिका के 7063 विद्यार्थी शामिल हैं। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। बोर्ड की ओर से कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। प्रदेश के 600 सेंटर्स पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। अजमेर बोर्ड कार्यालय से सीसीटीवी के जरिए परीक्षा केदो पर नजर रखी जाएगी। अधिकारियों के निर्देश पर फ्लाइंग टीम भी परीक्षा केंद्रों पर जाकर औचक निरीक्षण करती है। परीक्षा संबंधी किसी भी शिकायत के लिए बोर्ड कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 0145-2632866, 2632867, 2632868 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# दो शावक के साथ दिखा लेपर्ड, वन विभाग ने लगाया पिंजरा

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर
desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर। बंबोरा गांव में कल रात को लेपर्ड दिखने से हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर वनकर्मी पहुंचे और पिंजरा लगाया। लंबे समय से लोगों को लेपर्ड का डर सता रहा है। उसकी आवाजाही इन दिनों लगातार होने से लोगों में भय का माहौल है। लोग रात कोभ् भी सजग रह रहे हैं। कई बार ठीक से सो तक नहीं पा रहे हैं। बुधवार रात करणी फोर्ट के पास आबादी इलाके से सटे एक खेत में लेपर्ड को देखा गया। उसके साथ दो शावक भी थे। सूचना पर उप सरपंच रघुवीर सिंह चौहान, सरपंच प्रतिनिधि भैरूलाल मीणा भी पहुंच गए। गांव के लोकेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि लेपर्ड और दो



शावक खेत में गेहूं की फसल के बीच थे। वन विभाग की टीम रात करीब साढ़े नौ बजे पहुंची। क्षेत्रीय वन अधिकारी हितेंद्र सिंह शक्तावत, मांगीलाल, राहुल आदि पहुंचे। टीम ने पूरे इलाके का गहन निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने जिस खेत में लेपर्ड और दो शावक होने की बात बताई, वहां भी देखा गया। इसके बाद भी लेपर्ड नजर नहीं आया। अब वन विभाग ने खेत में पिंजरा लगा दिया है।

### बछड़े का किया था शिकार

ग्रामीणों ने बताया कि बंबोरा गांव के करणी फोर्ट के पास के खेतों के अलावा सोमाखेड़ा, फीला, भादला तालाब के आबादी क्षेत्र में लेपर्ड का मूवमेंट रहता है। लोगों ने बताया कि दो दिन पहले भी इस जगह के पास लेपर्ड ने एक श्वान का शिकार किया और एक महीने पहले लोकेन्द्र सिंह के बाड़े में गाय के बछड़े का शिकार कर दिया।

### पिछले महीने पाचं लोगों पर किया था हमला

बोरिया गांव में पिछले महीने में ही दोपहर में घरों में घुसे लेपर्ड ने इतना आतंक मचाया कि 5 लोगों को जख्मी कर दिया था। वहां आज भी नदी के पास लेपर्ड का मूवमेंट रहता है।

24 न्यूज अपडेट
देश-दुनिया राज्यों एवं स्थानीय खबरों को देखने के लिए
हिन्दी समाचार पत्र एवं न्यूज़ चैनल
ताजा खबरें देखने के लिए
हमारे यूट्यूब चैनल को सबस्क्राइब करें
YouTube
24 NEWS UPDATE
हमारे फेसबुक पेज को फॉलो करें
लिंक पर क्लिक करें और हमारे चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करें

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।